दी चेतावनी — किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा, भूमि का सीमांकन फिर से करने की मांग

# अडाणी पावर से किया जाए नया करारनामा

**बिजुरी, नवभारत 27 मई।** जनपद कोतमा अंतर्गत वेलस्पन एनर्जी प्रा.लि. कंपनी द्वारा किसानों से वर्ष 2012 में करारनामा किया गया था, जिसके बाद कंपनी ने अपनी परियोजना संचालित नही की, अब नये रूप में उन्ही किसानों की अधिग्रहित भूमि पर अडाणी पॉवर अपना प्रोजेक्ट लगा रही है, जिससे प्रभावित किसानों को इन बीते वर्षो में हुई क्षति और क्षेत्र के विकास को लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई। किसानों ने अडाणी पावर से नया करारनामा करने के साथ ही भूमि सीमांकन फिर से करने की मांग के अन्य कईं मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए आंदोलन की चेतावनी दी किसानों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि पूर्व में प्रदत्त करारनामा के अनुसार स्थायी और स्थानीय नौकरी शैक्षणिक योग्यता अनुसार इसी परियोजना में दिया जायें। जिसकी 1 एकड़ से कम



जमीन हो उनको भी नौकरी दी जाये तथा जिनकी 2 एकड़ से ज्यादा जमीन हो उसको प्रति 2 एकड़ के हिसाब से कपनी में नौकरी दी जाये व सबसे पहले प्रभावित क्षेत्र और किसान को नौकरी में प्राथमिकता दी जाये।

### बुनियादी सुविधाओं की मांग

ज्ञापन में कहा गया कि कंपनी प्रभावित किसान के प्रत्येक बच्चे को कक्षा एक से स्नातकोत्तर तक या इसके आगे की शिक्षा व हॉस्टल सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध कराए। बच्चों को टेक्निकल शिक्षा एवं जो कंपनी में जिस ट्रेड (कार्य) की जरुरत है उन बच्चों को ट्रेंनिग दिलाई जाये। प्रभावित किसान में विद्यालय भवन, चिकित्सालय भवन, पानी की व्यवस्था, आर सीसी रोड, बिजली प्रभावित क्षेत्र में, खेल स्टेडियम, गार्डन, जिम इत्यादि सुविधा मुफ्त प्रदान की जाये। कम्पनी को अगर किसी भी प्रकार की सामग्री, वाहन, जेसीबी, ट्रैक्टर मशीन सम्बधी कार्य हेतु किराये में लेने की आवश्यकता होती है तो सबसे पहले प्रभावित किसानों को एवं प्रभावित क्षेत्र को प्राथमिकता दी जाए।

### व्यवधान की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी

कंपनी और किसानों की बीच अगर बात नहीं बनती है और किसानों की मांग पूरी नहीं की जाती है तो निश्चित ही कार्य प्रभावित होगा। किसानों ने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं की जाती तब तक किसान को अपनी भूमि पर खेती करने से रोका न जाए। किसान खेती करता है तो कंपनी द्वारा किसी प्रकार का व्यवधान किया जाता है तो किसानों और कंपनी के बीच कुछ अनुचित होता है तो उसकी पूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### इनका कहना है

कंपनी के जो भी नियम व शर्ते हैं उसके अनुसार सभी किसानों को लाभान्वित किया जायेगा। किसानों की हर समस्या का निराकरण करने की पूर्ण कोशिश रहेगी और क्षेत्र को विकसित बनाने का प्रयास रहेगा।

**शैलेन्द्र कान्त**
**पीआरओ अडाणी पावर**
**अनूपपुर**



## नो एंट्री में प्रवेश करने वाले हाइवा पर लगाया जुर्माना

**अनूपपुर, नवभारत 27 मई।** जिला मुख्याचलय अंतर्गत नो एंट्री जोन अमरकंटक तिराहे से अनाधिकृत रूप से प्रवेश करने वाले हाईवा क्रमांक एमपी 65 जेडी 6315 ने 25 मई की दोपहर 1.30 बजे घुसते हुए जैतहरी रोड़ की ओर जा रहा था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वॉयरल हो गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान ने मामले को संज्ञान में लेते हुए नो एंट्री का उल्लंघन करने वाले चालक पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसके बाद जिला यातायात प्रभारी ज्योति दुबे ने उक्त हाइवा वाहन को पकड़ते हुए वाहन चालक उमेश सिंह यादव के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 5 हजार का जुर्माना लगाया गया।

# पैर पसार रहा अवैध शराब का कारोबार

फुनगा क्षेत्र में जमकर कराई जा रहा की पैकारी, पुलिस-आबकारी विभाग बेबस

**अनूपपुर, नवभारत 27 मई।** फुनगा चौकी क्षेत्र में शराब का अवैध कारोबार तेजी से पैर पसार रहा है। मुख्य सड़क मार्गो से लेकर सुदूर ग्रामीण इलाकों तक शराब का खुलेआम विक्रय हो रहा है। फुनगा, छिल्पा, बनगवां, बम्हनी, देवरी, अमलई और पयारी जैसे गांवों में शराब की पैकारी धड़ल्ले से की जा रही है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शराब माफिया संगठित तरीके से काम कर रहे हैं और गांव-गांव तक शराब पहुंचा रहे हैं। यह पूरा कारोबार पुलिस और आबकारी विभाग की नाक के नीचे चल रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। जिसके कारण लोगों में बढ़ती नाराजगी के बीच सवाल उठ रहे हैं कि क्या कानून व्यवस्था शराब माफियाओं के आगे घुटने टेक चुकी है? ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन



तत्काल कार्रवाई करे और क्षेत्र को शराब मुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए। प्रांतीय कार्यकर्ता विश्व हिन्दू परिषद एवं अधिवक्ता रोशन पुरी ने बताया कि पूरे क्षेत्र में शराब की पैकारी गांव गांव, मोहल्ले-मोहल्ले कराई जा रही है। इस पर लगाम लगना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन इस पर संज्ञान ले और हुए शराब की अवैध बिक्री को बंद कराए।

### इनका कहना है

शराब की अवैध बिक्री के विरुद्ध पुलिस कार्यवाही कर रही है, आगे भी कार्यवाही की जाएगी।

**इसरार मंसूरी**
**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक**
**अनूपपुर**

# ग्रामीणों को दिलाई पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**अनूपपुर, नवभारत 27 मई।** जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक भीम सिंह डामोर ने जिले के कोतमा विकासखंड के नवांकुर संस्था एवं परामर्शदाताओं के साथ बैठक की तथा परिषद द्वारा संचालित कार्यक्रमों, योजनाओं के क्रियान्वयन के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की। संभागीय समन्वयक ने समाज और शासन के बीच की कड़ी के रूप में जन अभियान परिषद की भूमिका के सफल क्रियान्वयन के लिए टीम के सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

कोतमा विकासखंड के ग्राम बैहाटोला में जीएस हितकारिणी समिति द्वारा संचालित जन सूचना




केंद्र, विवेकानंद वाचनालय, नर्सरी का अवलोकन किया गया। इस संबंध में समिति के पदाधिकारी व सामाजिक कार्यकर्ता ओंकार सिंह ने कार्यो के संबंध में जानकारी दी। संभागीय समन्वयक ने जन चौपाल लगाकर जन अभियान परिषद के कार्यो के संबंध में जानकारी दी। संचालन मोहम्मद नजीर खान तथा आभार प्रदर्शन सरीमन साकेत ने किया। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच होम लाल सिंह, महेन्द्र यादव, अध्यक्ष कान्हा जन कल्याण समिति नगाराबांध, निर्मल सिंह तथा छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## दो जुआ फड़ों पर दबिश, 8 गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत 27 मई।** रामनगर पुलिस ने दो अलग-अलग जुआ फड़ो पर दबिश देते हुए 8 जुआड़ियों को पकड़कर उनके कब्जे से 31 हजार सौ रूपये नकद जब्त किए। जुआड़ियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। जानकारी के अनुसार 25 मई की शाम स्टेडियम तिराहा से बीसीएम रोड किनारे जुआ खेलते हुए राजू यादव, संतोष कुमार जयसवाल, रामनारायण सिंह, कृष्ण देव सिंह, उमेश कुमार को को जुआ खेलते पकड़ा गया। दूसरे मामले में 26 मई को रामनगर पुलिस ने ग्राम सेमरा क्षेत्र में आम के पेड़ के नीचे चल रहे जुए के फड़ पर छापा मारकर 3 आरोपियों नरेन्द्र त्रिवेदी, सूर्यकान्त मिश्रा, तथा रघुनाथ सिंह गोंड पकड़ते हुए उनके कब्जे से ताश की गड्डी सहित नगद 1 हजार 100 रूपए नकद जब्त किए।

# कार्यकर्ता और कार्यालय भाजपा की पहचान

प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष जैन ने नए कार्यालय के लिए भूमि की रजिस्ट्री कराई

**अनूपपुर, नवभारत 27 मई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष सीए अखिलेश जैन 26 मई को अनूपपुर जिले के प्रवास पर पहुंचे और उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के साथ कार्यालय पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के नए कार्यालय के लिए भूमि की रजिस्ट्री कर कार्यालय निर्माण कार्य का मार्ग प्रशस्त किया। भाजपा कार्यालय का निर्माण जिला मुख्यालय चचाई मार्ग पर किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश कोषाध्यक्ष सीए अखिलेश जैन ने कहा कि कार्यक्रम,



कार्यकर्ता और कार्यालय भाजपा की पहचान है। निरंतर सेवा कार्य और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पार्टी सतत जनता के संपर्क में रहती है। भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कहा कि लंबे समय से अनूपपुर भाजपा जिला कार्यालय के निर्माण हेतु संगठन का प्रयास चल रहा था, लेकिन भूमि ना मिल पाने के कारण हम अभी तक कार्यालय बनाने में पीछे रहे, लेकिन अब हमें भूमि प्राप्त हो चुकी है भाजपा संगठन जिले में एक भव्य कार्यालय का निर्माण करेगा।

**इनकी रही उपस्थिति**-इस दौरान जिला महामंत्री अखिलेश द्विवेदी, नपाध्यक्ष राम अवध सिंह, शैलेंद्र सिंह, अजय सराफ, सहबीन पनिका, डॉ. सुनील कुमार चौरसिया, यशवंत सिंह, उमंग गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शिव सिंह, मंडल अध्यक्ष शिवरतन वर्मा, जिला कार्यालय मंत्री चंद्रिका द्विवेदी, जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह, बृजेश चतुर्वेदी, राजा तिवारी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रियम शुक्ला, जय दीक्षित तथा पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### एक नजर में

## अज्ञात कारण से युवक की मौत



**अनूपपुर, नवभारत 27 मई।** जिला अस्पताल अनूपपुर में उपचार हेतु लाये गए युवक की अज्ञात कारण से मौत हो गई, जिसकी सूचना पर पुलिस ने पंचनामा बनाते हुए शव को पीएम के लिए भेजा, जहां पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी हुई है। मामले की जानकारी के अनुसार शहडोल जिले के अमलाई थाना अंतर्गत ग्राम बिछिया के खैरबना टोला निवासी प्रदीप केवट 27 मई की सुबह गांव से कुछ दूर बरगवां गांव गया हुआ था, तभी अचानक बेहोश हो गया। जिसकी जानकारी मिलने पर परिजनों एवं राहगिरों ने निजी वाहन से युवक को उपचार हेतु जिला अस्पताल अनूपपुर लाया गया, जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।



## गांजा की बिक्री करते महिला पकड़ी गई

**अनूपपुर, नवभारत।** कोतमा पुलिस ने मादक पदार्थ गांजा के अवैध तरीके से बिक्री किए जाने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नीता विश्वपकर्मा के किराने की दुकान से 1 किलो 40 ग्राम गांजा जब्तर करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार एनडीपीएस एक्टस के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए कोतमा थाना प्रभारी रत्नाकम्बार शुक्लाह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने स्टैशन रोड श्रीगारमेंट्स के सामने वार्ड 3 नीता विश्व्कर्मा के किराने दुकान पर दबिश देते हुए दुकान से 1किलो 40 ग्राम गांजा जब्तम करते हुए महिला आरोपी से पूछताछ की गई। जहां महिला आरोपी ने बताया कि अरविंद रजक उर्फ सोनू निवासी पुरानी बस्तीम कोतमा द्वारा उसे गांजा बिक्री करने हेतु दिया था। जिसके बाद पुलिस ने अरविंद रजक को गिरफ्तार करते हुए दोनो आरोपियों को न्या यालय में पेश किया गया।

## दिव्यांग मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने कमेटी गठित

**अनूपपुर, नवभारत 27 मई।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षल पंचोली ने जिला स्तर पर दिव्यांग मतदाताओं, वरिष्ठ नागरिकों की चुनाव प्रक्रिया में अधिकतम सहभागिता व साझेदारी सुनिश्चित किए जाने हेतु जिला स्तरीय निगरानी कमेटी का गठन किया है। कमेटी के अध्यक्ष कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रहेंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, उप संचालक नेहरू युवा केन्द्र संगठन अनूपपुर, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला जनसम्पर्क अधिकारी तथा परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण कमेटी के सदस्य बनाए गए हैं।

# रामघाट में बना झूला पुल, पर्यटक होंगे आकर्षित

मुख्यमंत्री जून माह में जनता को कर सकते हैं समर्पित 10 करोड़ की लागत से बना

**अमरकंटक, नवभारत 27 मई।** अमरकंटक में नर्मदा नदी के रामघाट में प्रसाद योजना के अंतर्गत झूला पुल का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। इसे आगामी जून माह में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जनता को लोकार्पित कर सकते हैं। जानकारी के अनुसार जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने मुख्यमंत्री को अमरकंटक आमंत्रित किया है।

नर्मदा नदी रामघाट उत्तर से दक्षिण तट को जोड़ने वाला झूला पुल मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा 10 करोड़ की लागत से निर्मित किया गया है। उक्त पुल में विद्युतीकरण का कार्य अंतिम चरण में है। इसे रंगीन विद्युत झालरों से सुसज्जित किया जा रहा है ताकि झूला पुल आकर्षक एवं भव्य स्वरूप में दिखे। उक्त प्रक्रिया 31 मई तक पूरी हो जाएगी। संभावना है कि जून माह तक आम जनमानस के लिए इसे खोल दिया जाएगा। उक्त झूला



### संचालन नगर परिषद करेगी

मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम के शहडोल संभागीय सहायक यंत्री एवं प्रभारी अमरकंटक सोमपाल सिंह ने बताया कि उक्त झूला पुल का निर्माण पूर्ण हो गया है। इसे शीघ्र स्थानीय नगर परिषद अमरकंटक को संचालन हेतु सौंपा जाएगा। उन्होंने संभावना जताई कि जून माह तक आम जनता के लिए खोल दिया जाए जिससे पर्यटक तीर्थ यात्री एवं जनता इसका आधिकाधिक लाभ ले सकेंगे। झूला पुल से रामघाट के उत्तर तट से दक्षिण तक तथा दक्षिण से उत्तर तक आवागमन सुलभ होगा। इसके लिए बहुत ही कम शुल्क स्थानीय प्रशासन निर्धारित करेगा।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 को

**अनूपपुर, नवभारत 27 मई।** शासन के निर्णयानुसार विकासखण्ड अनूपपुर के ग्राम पंचायत बम्हनी, छिल्पा तथा जमुनिहा में 29 मई को विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम अन्तर्गत कृषकों को केन्द्रीय योजनाओं एवं मध्यप्रदेश शासन की प्रमुख योजनाओं, कृषि वैज्ञानिकों द्वारा इजाद की गई नवीन/उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी तथा कृषि में किये जा रहे नवाचारों की जानकारी दी जाएगी।




## अंकित श्रमजीवी समाज कल्याण प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नियुक्त

**अनूपपुर, नवभारत 27 मई।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद जिला इकाई द्वारा आयोजित पत्रकारिता का बदलता स्वरूप और चुनौतियां पर एक दिवसीय पत्रकार प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले भर के पत्रकारों ने सहभागिता की। इस दौरान राष्ट्री य संयोजक नलिनकांत बाजपेयी, प्रदेश संगठन मंत्री ऋतुपर्ण दवे सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में प्रदेश महासचिव विलोक पाठक ने अंकित शुक्ला को राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के समाज कल्याण प्रकोष्ठ का जिलाध्यअक्ष नियुक्त किया।

## जनसुनवाई में आए 81 आवेदन

**अनूपपुर, नवभारत 27 मई।** कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आम नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 81 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया



कि सभी शिकायतों का तय समय-सीमा में निराकरण किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र राहत मिल सके। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के.के. सोनी, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगणों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी।

आतंक — मकान और बाउंड्री वॉल को तोड़ा, खेतों में लगी फसलों को बनाया आहार, वन परिक्षेत्र जैतहरी के गांवों में कर रहे विचरण

# कई ग्रामों में पूरी रात हाथियों ने मचाया उत्पात, ग्रामीणों में दहशत

**अनूपपुर, नवभारत 27 मई।** एक दिन पहले आए चार हाथियों के समूह द्वारा सोमवार एवं मंगलवार की मध्य रात्रि वन परिक्षेत्र जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत क्योटार के कुशुमहाई से लगे धनगवां बीट के जंगल में कुसुमहाई, चोई, पचौहा गांव के विभिन्न टोला, मोहल्ला में घूमते हुए कई ग्रामीणों के घरों, बाउंड्री वॉल को तोड़ते हुए ग्रामीणों के खेत एवं बाडियों में लगी फसलों को आहार बनाया।

विदित हो कि चार हाथियों का समूह एक दिन पूर्व एक बार फिर छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही क्षेत्र से अनूपपुर जिले के जैतहरी इलाके में पहुंचे थे तथा दूसरे दिन दोपहर में सोननदी में स्थित बांध मे नहाने बाद देर रात होने पर



कुसुमहाई गांव के झंडीटोला निवासी रणमत सिंह, मिठाईलाल सिंह, सुनील सिंह के घरों पर तोड़फोड़ कर घर के अंदर रखे विभिन्न सामग्रियों को अपना आहार बनाया। इस बीच ग्राम पंचायत धनगवां के दर्रीटोला निवासी हीरावती राठौर के खेत में लगी फसल, पचौहा गांव के निवासी मंगलदीन साहू, रमेश साहू, हीरालाल साहू की पक्की बाउंड्री वॉल को तोड़कर रामप्रसाद शर्मा के खेत में लगे धान की फसल को कई घंटे तक खाते रहे।

**पूरी रात जागते रहे ग्रामीण**- ग्रामीणों के हो-हल्ला एवं पटाखा फोड़ने के बावजूद हाथी काफी देर बाद खेत से निकल कर दर्रीटोला, चोई गांव के रामनाथ राठौर, भरतलाल राठौर, बाबूराम राठौर, भगवत राठौर के खेत एवं बांडियों में ली फसलों, केला एवं गन्ना को अपना आहार बनाते रहे। इस बीच दर्रीटोला निवासी अशोक राठौर की बाउंड्री वॉल एवं गेट को भी तोड़कर अपना रास्ता हाथियों ने आगे जाने के लिए बनाया पूरी रात कई गांव के ग्रामीण हाथियों के विचरण को लेकर रात भर जागते रहे।

### वन विभाग का गश्ती दल कर रहा निगरानी

वन परिक्षेत्र अधिकारी जैतहरी विवेक मिश्रा के नेतत्व में परिक्षेत्र, सहायक अनूपपुर विजय कुमार सोनवानी, वन्यजीव संरक्षक अनूपपुर शशिधर अग्रवाल, क्षेत्र के वनरक्षक कोमल सिंह, चरण सिंह सोमवंशी, अनूपपुर वन परिक्षेत्र के वनरक्षक, सुरक्षाकर्मियों एवं ग्रामीणों के साथ वन विभाग का गश्ती दल हाथियों के विचरण पर निरंतर निगरानी रखते हुए ग्रामीणों को सचेत एवं सतर्क कर रहा था। मंगलवार की सुबह होते ही चारों हाथी दूसरे दिन ग्राम पंचायत क्योटार के कुसुमहाई गांव से लगे धनगवां बीट के जंगल में पहुंचकर दूसरे दिन विश्राम कर रहे हैं।